Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding contruction of elevated flyover bridge on NH 8 in Ahmedabad West Parliamentary Constituency.

डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): अध्यक्ष महोदय, मैं अहमदाबाद पश्चिम क्षेत्र से आता हूँ और वहाँ से नेशनल हाइवे नंबर 8 गुजरता है, जो मेरे क्षेत्र में नारौल से, विशाला सर्कल से, सरखेज से सौराष्ट्र एवं कच्छ की ओर जाता है । मेरा आपसे निवेदन है कि हमारे राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की ओर से वहाँ विशाला सर्कल से एक एलिवेटिड ब्रिज बने, जो सरखेज, जुहापुरा तथा आगे सनाथल चौकड़ी, एसपी रिंग रोड है, उससे भी आगे बने । वह फ्लाईओवर बनेगा तो जो सौराष्ट्र, कच्छ के लिए यातायात है, मेरे क्षेत्र में बहुत यातायात होने की वजह से सरखेज और जुहापुरा में जानलेवा एक्सीडेंट होते हैं, वह भी हम रोक सकेंगे । आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ ।